Roll No. ....

Total No. of Pages : 4+1

Total No. of Questions : 12

पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड

MPSS SE 16 (616)

सामान्य हिंदी

पञ्चम् प्रश्नपत्र

समय : 1½ घण्टे **पूर्णांक : 50**

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिये निर्धारित अंक अंकित हैं।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न – सही विकल्प चुनकर लिखिये : 1×4=4

(अ) राम नाम है ....।

(*i*) सोना (*ii*) कसौटी

(*iii*) चिंतामणि (*iv*) पवित्र रूप

(ब) पंडित रामनरेश त्रिपाठी की प्रमुख रचना है :

(*i*) कौमुदी (*ii*) पथिक

(*iii*) स्वप्न (*iv*) आदर्श

(स) श्रीराम के सिर पर किसका मुकुट था ?

(*i*) स्वर्ण (*ii*) रजत

(*iii*) जटा (*iv*) पुष्प

(द) दिवाकर वर्मा की मुख्य विधा है :

(i) गीत (ii) नवगीत

(iii) दोनों (iv) कोई नहीं

2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(अ) नूतन का विलोम .... है।

(ब) सूखी डाली एक .... है।

(स) हिंदी गद्य की सबसे लोकप्रिय विधा .... है।

(द) गीता .... शिक्षा देती है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** शब्द/वाक्य में दीजिए : 1×2=2

(i) दीर्घ जीवन का प्रमुख सूत्र क्या है ?

(ii) माटी वाली किसमें गुज़ारा करती है ?

(iii) "सन्नाटा" कविता में किसका अनुभव है ?

(iv) सूर्य के कोई **दो** पर्यायवाची लिखिये।

4. वर्षा के आगमन पर धरती में क्या-क्या परिवर्तन होता है ? 3

अथवा

तुलसीदास रघुपति के चरण कमलों में क्यों बसना चाहते हैं ?

5. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 3

पायो जी मैने राम रतन धन पायो।

वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु,

करि किरपा अपनायौ।

जनम-जनम की पूंजी पाई,

जग में सबे खोवायो।

अथवा

बेर-बेर देती है शबरी

बेर-बेर ही उनको बेर।

तो भी रघुवर बेर-बेर ही,

कहते हैं लाने को बेर।

6. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 3

"मैं यदि किसी के अत्याचार को सह लूँगा तो उससे मेरी सहनशीलता अवश्य सूचित होती है, पर उससे मुझे औरों पर अत्याचार करने का अधिकार नहीं मिल जाता।"

अथवा

"सम्राट अशोक प्रतिज्ञा करता है, वह किसी से छीनेगा नहीं, किसी को डरायेगा नहीं, किसी को मारेगा नहीं। अब अशोक हिंसा और युद्ध से विजय की कामना नहीं करेगा। वह कलिंग की विजयी महारानी की भाँति निश्छल प्रेम से संसार के हृदयों को विजय करेगा।"

7. आत्मकथा और जीवनी में कोई **तीन** अंतर बताइये। 3

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई **तीन** अंतर बताइये।

8. नीचे लिखे मुहावरों को वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई **तीन**) : 3

आँख खुलना, अंधे की लाठी, ऊँगली उठाना, कान भरना, दांत खट्टे करना, पत्थर की लकीर।

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिये (कोई **तीन**) :

(*i*) राम यह कार्य आवश्यकीय है।

(*ii*) तुमने यह काम करना है।

(*iii*) रोज प्रतिदिन नवल पाठशाला जाता है।

(*iv*) वह लड़की अच्छा गाता है।

(*v*) एक फूल की माला बनाओ।

9. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 2+3=5

"ऐसा देखा जाता है कि अधिकांश लोग अपने बहुमूल्य समय को व्यर्थ में ही व्यतीत कर देते हैं। परंतु फिर तो वही बात कही जाती है "कि अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गईं खेत," आज हम लोग जितना समय व्यर्थ की बातों में नष्ट कर देते हैं, यदि उसके दशमांश का भी सदुपयोग करना सीख जाते तो हम अपने जीवन में असाधारण सफलताएँ प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक सुंदर समय हमारे लिए वस्तुएँ लेकर आता है, किंतु हम उनसे कोई लाभ नहीं उठाते।

प्रश्न :

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिये।

(*ii*) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

10. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 2+2+1=5

"ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे!

जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे!

जो भी परिस्थितियाँ मिलें।

काँटे चुभें, कलियाँ खिलें।

हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।

सच हम नहीं, सच तुम नहीं।"

प्रश्न :

(*i*) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(*ii*) पद्यांश का सारगर्भित भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

(*iii*) पद्यांश में जीवन का क्या संदेश दिया गया है ?

11. अपने विद्यालय के प्राचार्य को अपनी माताजी की बीमारी के कारण दो दिन का अवकाश देने के लिए आवेदन पत्र लिखिये। 5

अथवा

प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ने के जो लाभ हैं, उन्हें बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिये।

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों का निबंध रूपरेखा बनाकर लिखिये : 7

(*i*) मेरा भारत महान

(*ii*) पर्यावरण प्रदूषण

(*iii*) विज्ञान के चमत्कार

(*iv*) समाचार-पत्र

(*v*) मनोरंजन के आधुनिक साधन।

किसी अन्य विषय पर रूपरेखा लिखिये। 3